भारत सरकार

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय

पशुपालन और डेयरी विभाग

लोकसभा

अतारांकित प्रश्न संख्या - 2621

दिनांक 04 अगस्त, 2026 के लिए उत्तर

पशुपालन आधारित उद्यमिता

2621.डॉ. राजकुमार सांगवानः

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या राष्ट्रीय पशुधन मिशन (एनएलएम) के माध्यम से पशुपालन आधारित उद्यमिता को बढ़ावा देकर किसानों, महिलाओं और युवाओं के लिए रोजगार तथा आय के नए अवसर सृजित किए जा रहे हैं और यदि हां, तो अब तक स्थापित पशुपालन उद्यमों, सृजित किए गए रोजगार, स्वीकृत हुए बैंक ऋण और वितरित की गई राजसहायता का कार्यकलाप-वार और राज्य-वार तथा विशेषकर उत्तर प्रदेश के बागपत लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने उक्त मिशन के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की नियमित समीक्षा और प्रभाव मूल्यांकन किया है और यदि हां, तो इसके मुख्य निष्कर्ष क्या हैं;

(ग) क्या सरकार ने परियोजनाओं, बैंक ऋणों, तकनीकी सहायता और कार्यान्वयन के शीघ्र अनुमोदन में उत्पन्न होने वाली कठिनाइयों को दूर करने के लिए राज्यों और वित्तीय संस्थानों के साथ समन्वय सुदृढ़ किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार राष्ट्रीय पशुधन मिशन को अधिक पारदर्शी, प्रौद्योगिकी-सक्षम, परिणामोन्मुखी और समयबद्ध बनाने के लिए एक डिजिटल निगरानी और सरलीकृत प्रचालन कार्यढांचे का कार्यान्वयन कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री

(श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह)

(क) राष्ट्रीय पशुधन मिशन (NLM) के अंतर्गत कार्यान्वित उद्यमिता विकास कार्यक्रम (NLM-EDP) पशुपालन आधारित उद्यमिता विकास को बढ़ावा देता है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत, पात्र लाभार्थियों को पशु प्रजनन फार्म और पशु आहार और चारा बनाने वाली इकाई लगाने के लिए 50.00 लाख रुपये तक की 50% पूंजीगत सब्सिडी दी जाती है। कुल 2,956.79 करोड़ रुपये की लागत वाली 4,291 परियोजनाओं को मंज़ूरी दी गई है, जिनके लिए 1,356.53 करोड़ रुपये की सब्सिडी संस्वीकृत की गई है। इन परियोजनाओं

से लगभग 21,000 लोगों को सीधे रोज़गार मिलने और लगभग 91,000 किसानों को अप्रत्यक्ष रूप से लाभमिलने की उम्मीद है।

NLM-EDP के अंतर्गत अनुमोदित परियोजना, उनसे सृजित रोजगार, संस्वीकृत बैंक ऋण और वितरित की गई सब्सिडी की राज्य-वार और कार्यकलाप-वार जानकारी अनुबंध में दी गई है। बागपत ज़िले के लिए कुल 5 परियोजनाएं अनुमोदित की गई हैं। विवरण निम्नानुसार है:

श्रेणी					**परियोजना लागत (करोड़ में)**	**ऋण राशि (करोड़ रुपये में)**	**अनुमोदित सब्सिडी (करोड़ में)**	**कुल जारी सब्सिडी**	**अनुमानित प्रभावित किसान**	**संभावित रोज़गार सृजन**
पशु आहार और चारा	**सूअर पालन**	**पोल्ट्री**	**जुगाली करने वाले छोटे पशु**	**कुल योग**						
0	3	0	2	5	2.2	0.84	0.94	0.038	27	12

हालाँकि, निर्वाचन क्षेत्र-वार डेटा नहीं रखा जाता है।

(ख) और (ग) भारत सरकार का पशुपालन और डेयरी विभाग, परियोजना अनुमोदन समिति (PAC) की बैठकों के माध्यम सेउद्यमिता विकास कार्यक्रम (EDP) के कार्यान्वयन की नियमित रूप से समीक्षा करता है। PAC लम्बित आवेदनों और राज्यों व संघ राज्य क्षेत्रों से मिलने वाले अनुमोदन पर नज़र रखने के साथ-साथ तकनीकी सहायता भी देती है। वरिष्ठ अधिकारियों के स्तर पर क्षेत्रीय समीक्षा बैठकें भी आयोजित की जाती हैं, जिनमें परियोजना के कार्यान्वयन की समीक्षा और निगरानी की जाती है। भारत सरकार के पशुपालन और डेयरी विभाग में केंद्र स्तरीय बैंकर समिति (CLBC) बनाई गई है। इसका उद्देश्य सभी ऋण देने वाली संस्थाओं के साथ सामंजस्य बिठाकर कठिनाईयों को दूर करना और आवेदनों को शीघ्र अनुमोदन दिलाना है।

नीति आयोग ने EDP घटक सहित NLM योजना की विस्तृत समीक्षा की है। मूल्यांकन से पुष्टि होती है कि NLM से नस्ल विकास, पशु आहार और चारे की सुरक्षा, क्षमता निर्माण और उद्यमिता को बढ़ावा मिला है।

(घ) राष्ट्रीय पशुधन मिशन को एक एंड-टू-एंड डिजिटलीकृत पोर्टल (www.nlm.udyamimitra.in) के माध्यम से लागू किया जाता है। सब्सिडी बैंक ट्रांज़ैक्शन के माध्यम से लोक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (PFMS) से लाभार्थियों के खाते में जारी की जाती है।

अनुबंध

लोक सभा प्रश्न संख्या: 2621

संसद सदस्य का नाम: डॉ. राजकुमार सांगवान

उत्तर की तारीख: 04.08.2026

अब तक अनुमोदित NLM-EDP परियोजनाओं, उनसे सृजित रोज़गार, संस्वीकृत बैंक ऋण और वितरितकी गई सब्सिडी का राज्य और कार्यकलाप-वार विवरण।

क्र. सं.	राज्य	अनुमोदित परियोजनाओं की संख्या									परियोजना लागत (करोड़ में)	ऋण राशि(करोड़ रुपये में)	अनुमोदित सब्सिडी (करोड़ में)	कुल जारी सब्सिडी	अनुमानित रोजगार सृजन	अनुमानित लाभान्वित होने वाले किसान
		पशु आहार और चारा	बीज प्रसंस्करण	घोड़ा	ऊट	गधा	सुअर	पोल्ट्री	जुगाली करने वाले छोटे पशु	कुल						
1	आंध्र प्रदेश	5	1	0	0	0	26	36	262	330	272.79	112.28	128.21	77.45	1941	2013
2	अरुणाचल प्रदेश	0	0	0	0	0	66	2	15	83	53.82	20.60	22.05	11.03	236	466
3	असम	0	0	0	0	0	23	5	22	50	32.68	13.12	13.54	4.98	248	7060
4	बिहार	0	0	0	0	0	0	0	2	2	0.70	0.19	0.28	0.14	6	52
5	छत्तीसगढ़	1	0	0	0	0	3	2	23	29	17.43	7.30	6.59	3.23	95	2570
6	गुजरात	7	1	0	0	0	0	0	5	13	12.49	2.31	4.83	0.3	27	110
7	हरियाणा	2	0	0	0	0	4	3	18	27	19.06	8.02	7.78	2.65	98	289
8	हिमाचल प्रदेश	0	0	0	0	1	4	1	15	21	11.46	4.72	4.94	1.84	76	351

क्र. सं.	राज्य	अनुमोदित परियोजनाओं की संख्या									परियोजना लागत (करोड़ में)	ऋण राशि(करोड़ रुपये में)	अनुमोदित सब्सिडी (करोड़ में)	कुल जारी सब्सिडी	अनुमानित रोजगार सृजन	अनुमानित लाभान्वित होने वाले किसान
		पशु आहार और चारा	बीज प्र संस्करण	घोड़ा	ऊट	गधा	सुअर	पोल्ट्री	जुगाली करने वाले छोटे पशु	कुल						
9	जम्मू और कश्मीर	1	0	0	0	0	0	1	25	27	12.23	5.72	4.80	2.27	87	194
10	झारखंड	1	0	0	0	0	0	0	1	2	2.49	0.98	1.00	0.25	8	57
11	कर्नाटक	9	0	0	0	0	53	48	1048	1158	815.82	279.05	386.22	191.41	4998	13994
12	केरल	0	0	0	0	0	18	4	4	26	14.59	6.02	6.68	2.87	74	6079
13	मध्य प्रदेश	70	0	0	0	0	4	33	400	507	377.41	141.75	174.36	95.1	3770	15686
14	महाराष्ट्र	67	1	1	0	0	8	82	279	438	265.38	96.54	125.06	56.57	2749	11398
15	मणिपुर	0	0	0	0	0	10	1	0	11	5.17	2.32	1.65	0	14	66
16	मिजोरम	1	0	0	0	0	91	0	2	94	57.44	27.57	21.32	14.3	94	1641
17	नागालैंड	0	0	0	0	0	78	6	11	95	41.66	4.05	20.29	14.47	476	1690
18	ओडिशा	0	0	0	0	0	0	1	3	4	3.67	1.48	1.58	0.85	21	130
19	पुदुचेरी	0	0	0	0	0	0	0	1	1	0.64	0.27	0.30	0	6	0

क्र. सं.	राज्य	अनुमोदित परियोजनाओं की संख्या									परियोजना लागत (करोड़ में)	ऋण राशि(करोड़ रुपये में)	अनुमोदित सब्सिडी (करोड़ में)	कुल जारी सब्सिडी	अनुमानित रोजगार सृजन	अनुमानित लाभान्वित होने वाले किसान
		पशु आहार और चारा	बीज प्र संस्करण	घोड़ा	ऊट	गधा	सुअर	पोल्ट्री	जुगाली करने वाले छोटे पशु	कुल						
20	पंजाब	7	0	0	0	0	2	1	14	24	17.58	7.02	6.52	3.14	80	240
21	राजस्थान	3	0	5	1	0	12	4	164	189	107.39	37.80	45.76	23.23	189	1782
22	सिक्किम	0	0	0	0	0	9	0	3	12	7.32	3.16	3.20	1.14	46	64
23	तमिलनाडु	8	0	0	0	0	13	24	169	214	142.44	57.11	61.18	30.73	791	3907
24	तेलंगाना	5	0	0	0	0	9	57	442	513	446.21	184.71	216.28	118.29	3240	4269
25	त्रिपुरा	0	0	0	0	0	24	8	5	37	25.75	10.59	9.54	4.34	28	87
26	उत्तर प्रदेश	15	0	0	0	0	89	8	173	285	146.15	55.60	63.01	27.61	1287	8481
27	उत्तराखंड	1	0	0	0	0	19	12	52	84	38.77	15.51	16.18	9.16	328	6614
28	पश्चिम बंगाल	1	0	0	0	0	3	0	11	15	8.25	3.19	3.51	2.34	58	1722
कुल योग		**204**	**3**	**6**	**1**	**1**	**568**	**339**	**3169**	**4291**	**2956.79**	**1108.98**	**1356.66**	**699.69**	**2107 1**	**91012**